नव भारत

## एक नजर में



### मंत्री प्रद्युम्न सिंह की हालत गंभीर, अस्पताल में भर्ती

**ग्वालियर.** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर की तबीयत खराब होने के बाद उन्हें बुधवार को दिल्ली के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया है. उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है. बताया जा रहा है कि वे पिछले कुछ दिनों से बार-बार तेज बुखार से परेशान थे. स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए दिल्ली ले जाया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका उपचार जारी है. सीएम मोहन यादव एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारीली है.

### आमने-सामने भिड़ीं दो बाइकें, चार युवक घायल

**अंबाह.** शहर के दोहरी रोड स्थित कमल विहार सखवार धर्मशाला के पास बुधवार शाम करीब 6 बजे दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई. हादसे में चार युवक घायल हो गए. दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल अंबाह पहुंचाया. घायलों में 13 वर्षीय रोमिल पुत्र सुनील सखवार, निवासी दोहरी, के सिर में गंभीर चोट आई. प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल मुरैना रेफर कर दिया गया. वहीं 17 वर्षीय विकास राठौर पुत्र राकेश, निवासी खजूरी रोड अंबाह, के सिर में गंभीर चोट लगने पर उसे भी प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल मुरैना भेजा गया. इसके अलावा 16 वर्षीय अजय पुत्र सतीश राठौर, निवासी कृष्णा कॉलोनी, जग्गा रोड अंबाह, के पैर में चोट आई है. वहीं अमित सखवार, निवासी झासीपुरा, के पैर में भी चोट लगी. दोनों घायलों का सिविल अस्पताल अंबाह में उपचार जारी है.

### विजिलेंस टीम ने पकड़ा फर्जी टीटीई

**जबलपुर.** यात्रियों की सुरक्षा और टिकट जांच व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर मंडल द्वारा सतर्कता विभाग, टिकट चेकिंग स्टाफ और आरपीएफ के संयुक्त विशेष अभियान में ट्रेनों में फर्जी टीटीई बनकर यात्रियों से अवैध वसूली करने वाले एक आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया. रेलवे को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि एक व्यक्ति लंबी दूरी की ट्रेनों में खुद को टीटीई बताकर यात्रियों के टिकट जांचता, उन पर फर्जी सील लगाता और अवैध रूप से पैसे वसूलता है. शिकायतों के आधार पर गठित जांच दल ने सतना से इटारसी रेलखंड तक कई दिनों तक गोपनीय निगरानी की. 21/22 जुलाई की रात करीब 2 बजे ट्रेन संख्या 15018 काशी एक्सप्रेस के स्लीपर कोच एस-1 में सोहागपुर स्टेशन से ट्रेन रवाना होने के बाद जांच दल ने एक संदिग्ध व्यक्ति को यात्रियों के टिकट जांचते हुए पकड़ा.

# कांग्रेस-बीजेपी आमने-सामने



## राहुल गांधी और छात्रों के समर्थन में कांग्रेस विधायकों ने बांधी काली पट्टी

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 22 जुलाई. दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ कथित दुर्व्यवहार और छात्र आंदोलन पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में मंगलवार को मध्यप्रदेश विधानसभा में कांग्रेस ने प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किया. नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार समेत कांग्रेस विधायक काली पट्टी बांधकर विधानसभा पहुंचे और भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया.**

विधानसभा परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उमंग सिंघार ने आरोप लगाया कि अपने भविष्य और अधिकारों की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज किया गया, जबकि विधानसभा के भीतर इस गंभीर मुद्दे पर चर्चा से बचने का प्रयास किया गया. उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं की समस्याओं का समाधान करने के बजाय उनकी आवाज को दबाने का काम कर रही है.

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि नीट परीक्षा विवाद, विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक, भर्ती प्रक्रियाओं में कथित अनियमितताएं और बढ़ती बेरोजगारी जैसे मुद्दों से युवा पहले ही परेशान हैं. ऐसे में छात्रों के साथ कथित दुर्व्यवहार सरकार की युवाओं के प्रति संवेदनहीनता को दर्शाता है. उन्होंने कहा कि युवा जवाबदेही और पारदर्शिता की मांग कर रहे हैं, लेकिन उन्हें समाधान के बजाय दमन का सामना करना पड़ रहा है. कांग्रेस ने इन मुद्दों को लेकर विधानसभा और सड़क दोनों स्तरों पर संघर्ष जारी रखने का संकेत दिया.



## कांग्रेस अराजकता की राजनीति कर रही है : हेमंत खण्डेलवाल

**भोपाल, 22 जुलाई. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खण्डेलवाल के नेतृत्व में बुधवार को पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के विरोध में रेडक्रॉस अस्पताल से प्रदेश कांग्रेस कार्यालय तक विरोध मार्च निकालकर प्रदर्शन किया. प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने, देश की छवि धूमिल करने और अराजक राजनीति करने के आरोप लगाए.**

बारिश के बीच आयोजित इस विरोध मार्च में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए. रेडक्रॉस अस्पताल से प्रारंभ हुआ मार्च प्रदेश कांग्रेस कार्यालय की ओर बढ़ा, जहां पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स के कारण कार्यकर्ताओं को रोक दिया गया. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस और राहुल गांधी के विरोध में नारेबाजी की. प्रदर्शन को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि कांग्रेस लोकतांत्रिक विपक्ष की भूमिका निभाने के बजाय प्रायोजित अराजकता की राजनीति कर रही है.

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लोकतांत्रिक संस्थाओं पर लगातार अविश्वास फैलाने का प्रयास कर रहे हैं तथा विदेशों में भारत के खिलाफ दुष्प्रचार करना उनकी राजनीतिक शैली बन चुकी है. उन्होंने कहा कि सत्ता की राजनीति में राहुल गांधी देश के सम्मान और राष्ट्रहित को भी दांव पर लगाने से नहीं चूकते.

# शेयर ट्रेडिंग के नाम पर साइबर ठगी

## गिरोह की तीसरी कड़ी टूटी, तीन और आरोपी गिरफ्तार

- फर्जी बैंक खाते में करोड़ों के ट्रांजेक्शन कराता था नेटवर्क
- 15 मोबाइल, स्कॉर्पियो और बैंकिंग दस्तावेज जब्त

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 22 जुलाई. शेयर ट्रेडिंग और ऑनलाइन निवेश के नाम पर देशभर में करोड़ों रुपए की साइबर ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफ क्राइम ब्रांच को बड़ी सफलता मिली है.**



मामले में पहले गिरफ्तार दो आरोपियों से पूछताछ और बैंक खातों के तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पुलिस ने गिरोह के तीन और सदस्यों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से 15 मोबाइल फोन, विभिन्न बैंकों की पासबुक, सिम कार्ड, स्कॉर्पियो वाहन और अन्य बैंकिंग दस्तावेज जब्त किए हैं. जांच में करोड़ों रुपए के संदिग्ध वित्तीय लेन-देन सामने आए हैं. क्राइम ब्रांच की जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी आकाश विश्वकर्मा, प्रवीण पाल और आशीष पुरी साइबर ठगों के लिए फर्जी या किराए के बैंक खाते उपलब्ध कराने का काम करते थे. ये विभिन्न लोगों के नाम से बैंक खाते खुलवाकर उनकी बैंकिंग किट, एटीएम कार्ड, चेकबुक, पासबुक और सिम कार्ड गिरोह के अन्य सदस्यों तक पहुंचाते थे. इन्हीं खातों में शेयर ट्रेडिंग और ऑनलाइन निवेश के नाम पर ठगी गई रकम जमा कर उसे अलग अलग खातों में ट्रांसफर किया जाता था. यह कार्रवाई परदेशीपुरा थाने में दर्ज एक मामले की जांच के दौरान की गई.

### भिंड में रेत माफिया पर शिकंजा कसते हुए 6 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां और लोडर जब्त

**भिंड।** भिंड में रेत माफिया पर शिकंजा कसते हुए 6 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां एवं लोडर जब्त किए गए हैं। खदान पर पुलिस और प्रशासन की दबिश में 345 घनमीटर अवैध रेत पकड़ी गई। भिंड जिले में अवैध रेत कारोबार के खिलाफ जिला प्रशासन ने कार्रवाई की है। अमायन थाना क्षेत्र के बछरेटा गांव में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमार कार्रवाई करते हुए अवैध रेत का परिवहन कर रही छह ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और एक लोडर मशीन जब्त की है.

## उपचुनाव में दिख रहे चुनाव प्रचार के नायाब तौर तरीके

**दतिया, 22 जुलाई . विधानसभा उपचुनाव में चुनाव प्रचार का नायाब तौर तरीका चर्चा का विषय बन गया है. नेताओं के भाषणों से ज्यादा उनके अलग-अलग अंदाज वाले वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं.**

भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी के भतीजे नितिन तिवारी ग्राम लमायचा में किसान निर्मल यादव के साथ ट्रैक्टर चलाते, धान की रोपाई करते और खेत में हाथ बंटाते नजर आए. इससे पहले



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ग्राम सोनार में किसान कालीचरण पटेल के खेत पर ट्रैक्टर चलाते दिखाई दिए थे. चुनावी गलियारों में इस ट्रैक्टर पॉलिटिक्स' की चर्चा हो रही है. लोग इसे चुनावी रणनीति का हिस्सा मानते हुए अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं.

## कॉलोनी के डायरेक्टर पर ईओडब्ल्यू का केस

### 02 करोड़ 55 लाख के चार भूखंडों की बिक्री का मामला

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 22 जुलाई . देपालपुर की गीता विहार कॉलोनी में शासन के पास बंधक रखे भूखंडों को बेचने के मामले में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) इंदौर ने कॉलोनी विकसित करने वाली कंपनी के डायरेक्टर सहित अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है.**

> जांच में पता चला कि ग्राम ताजखेड़ी स्थित गीता विहार कॉलोनी के लिए कलेक्टर इंदौर के पास 25 प्रतिशत भूखंड विकास कार्यों की गारंटी के रूप में बंधक रखे थे. इनमें भूखंड क्रमांक 88, 89, 90 और 124 भी शामिल थे. इन भूखंडों को वर्ष 2018 में बंधन मुक्त कराए बिना ही बेच दिया. रिकॉर्ड के अनुसार सुरेश ठाकुर ने दिसंबर 2017 में दिनेश मुकाती के पक्ष में 35 भूखंडों के संबंध में आम मुख्त्यारनामा किया था. इसके बाद मार्च और मई 2018 में चारों बंधक भूखंडों की बिक्री कर दी गई. जांच में इन भूखंडों का कुल विक्रय मूल्य 2 करोड़ 55 लाख 80 हजार 300 रुपए पाया.

आरोप है कि बंधन मुक्त कराए बिना चार भूखंडों की बिक्री कर दी गई, जिनकी कीमत 2 करोड़ 55 लाख रुपए से अधिक थी. ईओडब्ल्यू ने एसएमवी इन्फ्रा स्टेट प्रा.लि. के डायरेक्टर सुरेश ठाकुर, आम मुख्त्यारधारी दिनेश मुकाती निवासी ताजखेड़ी, देपालपुर और अन्य लोगों के खिलाफ धारा 420 और 34 भादवि के तहत प्रकरण दर्ज किया है. मामले की शिकायत भ्रष्टाचार विरोधी संगठन के सचिव एस. शिवम ने की थी. शिकायत में गीता विहार कॉलोनी में विकास कार्य अधूरे होने के बावजूद दस्तावेजों के आधार पर काम पूरा बताने और शासन के पास बंधक रखे भूखंडों को बेचने के आरोप लगाए गए थे.

### कैलाश विजयवर्गीय के निवास पर विरोध करने पहुंची दंपति हिरासत में

**इंदौर .** प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के निवास पर विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे प्रहलाद पांडे और उनकी पत्नी संगीता पांडे को पुलिस ने हिरासत में ले लिया. आंदोलनकारियों पर हुए कथित लाठीचार्ज तथा मंत्री के उस कथित बयान के विरोध में पहुंचे थे, जिसमें आंदोलनकारियों के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किए जाने का आरोप लगाया गया है. दंपती मंत्री निवास के बाहर विरोध दर्ज कराने पहुंचे थे. पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर दोनों को हिरासत में ले लिया.

## हत्या का खुलासा : पति-पत्नी गिरफ्तार

### पूर्व पति के साथ मिलकर की थी युवक की हत्या

**पन्ना, 22 जुलाई . जिले के रैपुरा थाना क्षेत्रान्तर्गत बहुचर्चित बघवारकलां हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक साल से फरार चल रहे पति-पत्नी को गुजरात के सूरत शहर से गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में आरोपी रामप्रताप सोनी और उसकी पत्नी अर्चना सोनी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है.**



पुलिस के अनुसार, अर्चना सोनी ने अपने पूर्व पति रामप्रताप के साथ मिलकर इस जघन्य हत्याकांड की साजिश रची थी. घटना जुलाई 2025 की है, जब अर्चना अपने दूसरे पति नन्नू सोनी के साथ रह रही थी और बच्चों की बात को लेकर उनके बीच अक्सर विवाद होता था.

> विवाद के चलते 10 जुलाई 2025 की रात दोनों आरोपियों ने मिलकर लकड़ी की मुगरिया से नन्नू सोनी पर हमला कर उसकी हत्या कर दी थी और मौके से फरार हो गए थे.

## भाजयुमो के ग्वालियर नगर अध्यक्ष बने शिवम राजावत

**ग्वालियर. भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्यप्रदेश ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में जिला अध्यक्षों एवं जिला महामंत्रियों की नई नियुक्तियों की घोषणा कर दी है. प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर द्वारा जारी आदेश में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से विभिन्न जिलों के पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है.**

जारी सूची के अनुसार ग्वालियर नगर में शिवम राजावत को जिला अध्यक्ष तथा गौरव मिश्रा को जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है. घोषित सूची में ग्वालियर नगर सहित कुल 15 जिलों के संगठनात्मक पदाधिकारियों के नाम शामिल हैं. भाजयुमो प्रदेश नेतृत्व ने नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, युवाओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने और आगामी संगठनात्मक एवं राजनीतिक कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई है. नई नियुक्तियों के बाद संबंधित जिलों के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाइयों का सिलसिला शुरू हो गया है.

## उपचुनाव : युवा मोर्चा ने निकाली वाहन रैली

### डॉ. नरोत्तम मिश्रा और सांसद भारत सिंह रहे मौजूद

**दतिया, 22 जुलाई. विधानसभा उपचुनाव को लेकर बुधवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से शहर में एक बड़ी वाहन रैली निकाली गई. यह रैली स्थानीय चुनाव कार्यालय से शुरू होकर शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस चुनाव कार्यालय पर आकर समाप्त हुई.**

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा, सांसद एवं चुनाव प्रभारी भारत सिंह कुशवाह, जीतू जिराती, संभाग प्रभारी अभय यादव, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर, जिला अध्यक्ष रघुवीर कुशवाह और मानसिंह सहित मोर्चा के कई



पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

## पानीपुरी के पैसे को लेकर दोस्तों में खूनी विवाद

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 22 जुलाई. हीरानगर थाना क्षेत्र के सुखलिया में पानीपुरी खाने के बाद पैसे देने की बात पर चार दोस्तों के बीच विवाद हो गया. विवाद इतना बढ़ा कि दो युवकों ने अपने ही दो साथियों पर चाकू से हमला कर दिया. हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दूसरे को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई. पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर प्रकरण दर्ज किया है.**

पुलिस ने मामले में सोकेस उर्फ शोकेस पुत्र अशोक निकुम निवासी साईं पैलेस कॉलोनी और सौरभ पुत्र राजेश कुमार खटीक को हिरासत में लिया है. दोनों से घटना में इस्तेमाल चाकू और विवाद के संबंध में पूछताछ की जा रही है. जांच में सामने आया कि घायल अर्जुन, वीरेंद्र, सोकेस और सौरभ आपस में दोस्त हैं. मंगलवार रात चारों सुखलिया क्षेत्र में पानीपुरी खाने गए थे. इसी दौरान पैसे देने की बात पर कहासुनी शुरू हो गई. विवाद बढ़ने पर सोकेस और सौरभ ने चाकू निकालकर अर्जुन और वीरेंद्र पर हमला कर दिया. हमले में वीरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि अर्जुन को मामूली चोटें आईं. दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां अर्जुन को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. वारदात में उपयोग चाकू की तलाश की जा रही है और मामले की जांच जारी है.

**इनका कहना है**

> पानीपुरी के पैसे को लेकर चार दोस्तों के बीच विवाद हुआ था. दो आरोपियों को हिरासत में लेकर प्रकरण दर्ज किया है, घायल युवकों का उपचार कराया गया है और मामले की जांच जारी है.
>
> **सुशील पटेल,**
> थाना प्रभारी हीरानगर

## विश्वविद्यालय व्यवस्था को अधिक सक्षम बनाएं : शुक्ल

**भोपाल, 22 जुलाई. मध्यप्रदेश विधानसभा में मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2026 पर चर्चा में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा के अभूतपूर्व विस्तार को देखते हुए विश्वविद्यालय व्यवस्था को अधिक सक्षम, प्रभावी और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाना समय की आवश्यकता है.**



उन्होंने कहा कि वर्ष 2003 में प्रदेश में केवल 6 मेडिकल कॉलेज थे, जो आज बढ़कर 33 हो गए हैं. इसी प्रकार एमबीबीएस सीटें 760 से बढ़कर 5,550 तथा स्नातकोत्तर (पीजी) सीटें 140 से बढ़कर 2,862 हो चुकी हैं. सरकार का लक्ष्य आगामी वर्षों में एमबीबीएस सीटों की संख्या 10 हजार तथा पीजी सीटों की संख्या 5 हजार तक पहुँचाना है, ताकि प्रदेश में डॉक्टरों और विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ाई जा सके.

**फैसला** हाईकोर्ट ने चेतावनी के साथ स्वीकार किया माफीनामा

## आपराधिक अवमानना में विधायक संजय पाठक दोषी करार

**जबलपुर, 22 जुलाई . मप्र हाईकोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस विवेक रूसिया तथा जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने आपराधिक अवमानना के मामले में भाजपा विधायक संजय पाठक को दोषी करार दिया है.**



युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि अवमानना ऐसी प्रकृति की नहीं है जिससे न्याय की प्रक्रिया में काफी रुकावट आई हो. न्यायालय ने पहले ही अनावेदक को बिना शर्त माफीनामा जमा करने की अनुमति प्रदान कर दी थी. बिना शर्त माफीनामा को स्वीकार करते हुए युगलपीठ ने चेतावनी देते हैं कहा कि अदालत की अवमानना करने वाले विधायक ऐसी हरकत दोबारा नहीं करेंगे और भविष्य में सावधान रहेंगे.

गौरतलब है कि कटनी निवासी आशुतोष दीक्षित की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि विधायक संजय पाठक से संबंधित कंपनी के खिलाफ अवैध उत्खनन के मामले में 12 सौ करोड़ रुपये की रिकवरी का मामला हाईकोर्ट में लंबित है. हाईकोर्ट जस्टिस विशाल मिश्रा ने 1 सितम्बर 2025 को सुनवाई से इनकार कर दिया था. हाईकोर्ट जस्टिस ने अपने आदेश में कहा था कि विधायक ने उससे फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया. जिसके कारण वह सुनवाई से खुद को अलग कर रहे है. जस्टिस विशाल मिश्रा ने निष्पक्षता बनाए रखने के उद्देश्य से मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था.

> याचिका में कहा गया था कि विधायक के यह कृत्य न्यायपालिका की छवि को धूमिल करने तथा गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है. न्यायिक कार्य में हस्तक्षेप करना आपराधिक अवमानना की श्रेणी में आता है. हाईकोर्ट ने 2 अप्रैल को याचिका का निराकरण करते हुए मामले को संज्ञान में लेते हुए भाजपा विधायक के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने के निर्देश जारी किये थे. आपराधिक अवमानना याचिका की सुनवाई के दौरान विधायक संजय पाठक की तरफ से बिना शर्त माफी मांगने के संबंध में हलफनामा पेष किया गया था.

## बारिश की कामना लेकर पटपरा हनुमान मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

**श्योपुर.** विजयपुर के ग्राम बैंनीपुरा के सकल पंचों के आह्वान पर गांव से कुछ दूरी पर बारधा डैम के नीचे स्थित प्राचीन पटपरा हनुमान मंदिर में सर्वजातीय धार्मिक आयोजन एवं सामूहिक भंडारे का आयोजन किया गया। क्षेत्र में अच्छी वर्षा, सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना को लेकर श्रद्धालुओं ने राम नाम का जाप, रामधुन, भजन-कीर्तन और पूजा-अर्चना की। आयोजन में महिलाओं, पुरुषों, बुजुर्गों और युवाओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया.